आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.12.2024 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग में वरिष्ठ अर्थशास्त्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श में भाग लिया।
- आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जा रहा है।
- भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की पहल के तहत दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा "प्रशासन गांव की ओर" पर कार्यशाला आयोजित की गई।
- सांसद बिष्णु पद रे ने आज डिगलीपुर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना–दो के अंतर्गत ग्रामीण सड़क की आधारशिला रखी।
- अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, दो हजार सोलह का पालन करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग में वरिष्ठ अर्थशास्त्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष बी.वी.आर. सुब्रमण्यम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय बजट वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए बजट–पूर्व परामर्श की शुरुआत इस महीने की छः तारीख को हुई थी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों, किसान संघों, अर्थशास्त्रियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ परामर्श किया था। केंद्रीय वित्त मंत्री आगामी पहली फरवरी को लोकसभा में वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट पेश कर सकती है।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि गणतंत्र दिवस समारोह–दो हजार पच्चीस के लिए झांकियों का विषय 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' रखा गया है। मंत्रालय ने कहा कि पन्द्रह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों को गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए चुना गया है। उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दमन व दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त,

केंद्र सरकार के ग्यारह मंत्रालयों और विभागों की झांकियों को भी गणतंत्र दिवस परेड–दो हजार पच्चीस के लिए चुना गया है। चयनित झांकियां भारत की विविध शक्तियों और इसकी निरंतर विकसित होती सांस्कृतिक समावेशिता को प्रदर्शित करेगी।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जा रहा है। हर साल चौबीस दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करता है। इसी दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उन्नीस सौ छियासी लागू हुआ था। इस वर्ष का विषय है – वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज वर्चुअल माध्यम से कई पहलों की शुरुआत की। इनका उद्देश्य ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की पहचान करना और उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना है। श्री जोशी ने उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की पहचान करने के लिए जागो ग्राहक जागो ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड शुरू किया। 'जागो ग्राहक जागो ऐप' उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में आवश्यक ई–कॉमर्स जानकारी प्रदान करेगा और असुरक्षित यूआरएल के बारे में सचेत करेगा। श्री प्रल्हाद जोशी ने उपभोक्ता के अधिकारों की रक्षा और उन्हें सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। श्री जोशी ने सभी हितधारकों, ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म, नागरिक समाज और नियामक अधिकारियों से उचित तौर तरीकों और उपभोक्ता अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की पहल के तहत दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में "प्रशासन गांव की ओर" पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट विनायक चमाड़िया ने की। इस अवसर पर पूर्व एडीएम राम चंद्र और पूर्व सहायक आयुक्त सोम नायडू भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अभियान के सफल कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई, जिसमें अभियान के उद्देश्यों, प्रगति और प्रमुख पहलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सत्र के दौरान जमीनी स्तर तक पहुंच को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जाने वाले प्रयासों के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए मंच प्रदान किया

गया, जिससे "प्रशासन गांव की ओर" के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहयोग को बढ़ावा मिला। कार्यशाला में पंचायती राज संस्था के सदस्यों, आम जनता और श्री विजयपुरम तहसील के अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने मध्योत्तर अंडमान के अपने चार दिवसीय दौरे के दौरान आज डिगलीपुर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना–दो के अंतर्गत ग्रामीण सड़क की आधारशिला रखी। इस अवसर पर अपने संबोधन मे उन्होंने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री और उपराज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सड़कों के बन जाने से क्षेत्र में सड़क संपर्क में सुधार आएगा, जिससे निवासियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच आसान हो जाएगी। वे कल मायाबंदर, किशोरीनगर और डिगलीपुर में दो सड़कों की आधारशिला रखेंगे। सांसद छब्बीस दिसंबर को रंगत में तीन और मायाबंदर में दो सड़कों तथा सत्ताईस दिसंबर को कदमतला में चार ग्रामीण सड़कों की आधारशिला रखेंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से बाईस करोड़ रुपये की लागत से कुल बत्तीस किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का सुधार कार्य किया जाएगा।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने आम जनता और औद्योगिक हितधारकों से नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, दो हजार सोलह के अनुसार घरेलू और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कचरे का प्रबंधन और निपटान करने का अनुरोध किया है। निवासियों से कचरे को अलग करने और उचित प्रसंस्करण और निपटान के लिए नगरपालिका के कर्मचारियों को सौंपने का अनुरोध किया गया है। सभी औद्योगिक इकाइयों को अपशिष्ट उत्पादन और निपटान के लिए प्रदूषण नियंत्रण समिति से आवश्यक सहमति प्राप्त करने सहित पर्यावरण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। विषाक्त अपशिष्टों का निपटान अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से किया जाना चाहिए। उद्योगों को स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने और अपशिष्ट उत्पादन को कम करने के लिए भी जागरूक किया जाता है। लोगों से खुले में कूड़ा–कचरा न फेंकने और कचरे को न जलाने को कहा गया है, क्योंकि इससे वायु, जल और मिट्टी प्रदूषण हो सकता है। सिगरेट और बीड़ी के उचित निपटान पर भी जोर दिया गया है। सिगरेट और बीड़ी के गैर–बायोडिग्रेडेबल घटकों और जहरीले रसायनों के कारण पर्यावरणीय खतरा उत्पन्न होता है। अधिकारियों से सार्वजनिक क्षेत्रों और कार्यस्थलों में धूम्रपान को प्रतिबंधित करने और सिगरेट को फेंकने के लिए जुर्माना लगाने के लिए नगरपालिका उप–नियमों में प्रावधान शामिल करने का अनुरोध किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण समिति ने कहा है कि स्वच्छ पर्यावरण और द्वीपसमूह की अनूठी जैव विविधता को संरक्षित करने के

लिए अपशिष्ट प्रबंधन दिशानिर्देशों का पालन करना जरूरी है। इसके अलावा समिति ने कहा है कि कचरे को कम करके, उसका पुनः इस्तेमाल करके एक स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन दिवस मनाए जाने के एक भाग के रूप में उनतीस दिसम्बर को कृषि विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह साढ़े नौ बजे से आरंभ होगी। इसमें ताजे फूलों, सूखे फूलों की सजावट, गुलदस्ता, माला बनाना और रंगोली बनाने की प्रतियोगिता शामिल हैं। विजेताओं को इसी दिन पुरस्कृत भी किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से आधे घंटे पहले उपस्थित रहना होगा। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के सहायक निदेशक से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–बदलते मौसम में होने वाली बीमारियां। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. तन्मॉय हलदार श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>